बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

फोन : (कार्यालय) +91-755-2517012 फैक्स : +91-755-2517011

:: अधिसूचना ::

क्र.-3472 / प्रशा. / यांत्रिकी /ब.वि.वि./2022 भोपाल ,दि. 02/12/22

विश्वविद्यालय परिसर में निवासरत एवं कार्यरत समस्त शिक्षकों ,अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यालय एवं आवासीय भवनों सहित परिसर की विभिन्न अधोसंरचनाओं के संधारण संबंधी शिकायतों को यांत्रिकी शाखा तक पहुंचाने हेतु निम्नांकित व्यवस्था की गई है -:

1. शिकायत दर्ज करने हेतु एक पंजी परिसर स्थित अतिथि गृह में रखी गई है | कोई भी शिक्षक अधिकारी एवं कर्मचारी अपना नाम, पदनाम ,मोबाइल नंबर एवं कार्यरत शाखा/ विभाग सहित अपने हस्ताक्षर करते हुए संधारण संबंधित शिकायत का विवरण इस पंजी में दर्ज कर सकते हैं
2. यांत्रिकी शाखा द्वारा प्रतिदिन उक्त पंजी का अवलोकन किया जायेगा तथा दर्ज की गई शिकायतों के निराकरण की त्वरित कार्रवाई की जाएगी |
3. शीघ्र निराकरण ना होने की स्थिति में यदि पुनः पूर्व शिकायत को ही दर्ज करने की स्थिति निर्मित होती है तो पूर्व शिकायत की तिथि एवं क्रमांक का उल्लेख करते हुए ही पुनः शिकायत दर्ज की जाए ताकि विलंब का निर्धारण किया जा सके |

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृष्ठ. क्र.- 3473 / प्रशा. / यांत्रिकी /ब.वि.वि./2022 भोपाल ,दि. 02/12/22

1. समस्त विभाग-अध्यक्ष/ शाखा प्रभारी अपने विभाग एवं शाखा में कार्यरत समस्त शिक्षकों ,अधिकारियों, कर्मचारियों को उक्त व्यवस्था से अवगत करवाएं.
2. सहायक यंत्री (सिविल एवं विद्युत) प्रतिदिन पंजी का अवलोकन करें तथा शिकायत निवारण संबंधी कार्यवाही करने के उपरांत उसे पंजी में दर्ज करवाएं.
3. प्रभारी अतिथि गृह पंजी को उपयुक्त स्थान पर संधारित करें ताकि शिकायत दर्ज करने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े .

सहायक कुलसचिव (प्रशासन)